फोन–2286710
2286709

# राज्य नगरीय विकास अभिकरण

नव चेतना केन्द्र,10 अशोक मार्ग,लखनऊ–226001
website-www.sudaup.org

पत्रांकः 4052/110/तीन/97–vi फैक्स दिनांकः 16/1/2015

**मासिक समीक्षा बैठक**

तिथि व समय– दिनांक 27 जनवरी, 2015 प्रातः 10·30 बजे ।

बैठक स्थल–त्रिलोकनाथ समागार, नगर निगम, लखनऊ।

समस्त परियोजना अधिकारी/सहायक परियोजना अधिकारी,
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
उ0 प्र0।

**एजेण्डा**

1. बी0एस0यू0पी0/आई0एच0एस0डी0पी0 योजना में निर्माण की प्रगति, अभ्यपर्ण के सापेक्ष धनराशि की वापसी, मूल्यवृद्धि की संशोधित डी0पी0आर0 की स्थिति की समीक्षा।
2. राजीव आवास योजना की समीक्षा तथा निर्माण कार्यों की भौतिक व वित्तीय प्रगति, यू0सी0, लम्बित कार्यों/संदर्भों की समीक्षा।
3. अफोर्डेबिल हाउसिंग की प्रगति की समीक्षा।
4. आसरा योजनान्तर्गत शासनादेश संख्या–1833/69–1–14–14(31)/2012टीसी(सी), दिनांक 09.09.2014 के अनुपालन में इन–सीटू डी0पी0आर0 की प्रगति तथा योजना में भूमि की उपलब्धता, निर्माण कार्यों की भौतिक व वित्तीय प्रगति, यू0सी0 तथा लम्बित कार्यों/संदर्भों की समीक्षा।
5. राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एन0यू0एल0एम0) के सभी उपघटकों की भौतिक व वित्तीय प्रगति, यू0सी0 एवं लम्बित कार्यों/संदर्भो की समीक्षा।
6. मोटर/बैटरी चालित रिक्शा योजना के परिप्रेक्ष्य में पूर्व निर्गत शासनादेशों के अनुरूप पात्र लाभार्थियों के चयन हेतु निर्धारित कट–आफ–डेट क्रमशः 30.04.2012 एवं 31.03.2013 के सापेक्ष शासनादेश संख्या 35 दिनांक 24.01.2013 के अनुसार डूडा स्तर पर विज्ञापित विज्ञप्ति की प्रति साथ लेकर आयें।
7. सूडा को प्रेषित मोटर/बैटरी चालित रिक्शा योजना के लाभार्थियों की सूची में अनुसूचित जाति के आवेदकों की पृथक संख्या साथ लेकर आयें।
8. स्लम सर्वे (USHA) के परिप्रेक्ष्य में पूर्व समीक्षा बैठक दिनांक 18.12.2014 के कार्यवृत्त में निर्देशित निर्देश के सापेक्ष अनुपालन की अद्यतन सूचना।
9. आई0एल0सी0एस0 2008 के लम्बित मामलों की आर0सी0 व वसूली आदि की समीक्षा।
10. स्वर्ण जयन्ती शहरी रोजगार योजना में प्लेसमेन्ट आदि की प्रगति, पूर्व में जारी निर्देशों के अनुपालन की स्थिति व स्वर्ण जयन्ती शहरी रोजगार योजना के सापेक्ष अवशेष उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा उपलब्ध धनराशि की समीक्षा।
11. शहरी क्षेत्रों की अल्पसंख्यक बाहुल्य बस्तियों व अन्य मलिन बस्तियों में इण्टरलाकिंग, नाली, जल निकासी, सार्वजनिक शौचालय एवं अन्य सामान्य सुविधा योजना के अंतर्गत शासनादेशवार सभी परियोजनाओं की भौतिक व वित्तीय प्रगति, यू0सी0 तथा परिसंपत्ति हस्तान्तरण (नगर निकायों को) की समीक्षा।
12. योजनावार सूडा जिला स्तर पर माह के आरम्भ मे उपलब्ध धनराशि, शासन द्वारा जारी की गयी धनराशि, सूडा द्वारा डूडा को जारी धनराशि, डूडा द्वारा व्यय की गयी धनराशि, प्रदत्त उपयोगिता प्रमाण पत्र, अवशेष धनराशि तथा अवशेष उपयोगिता प्रमाण पत्र की समीक्षा।
13. स्लम सर्वे सम्बन्धी नियत प्रारूप पर आख्या प्राप्ति व स्लम सर्वे रिपोर्ट की समीक्षा।
14. सभी स्टाफ की कम्प्यूटर ज्ञान, योजनाओं व प्रक्रियाओं के ज्ञान, प्रशिक्षण, कार्य सूची व कार्य योजना बनाने, समयबद्धता व गुणवत्ता सुनिश्चित् कराने हेतु किये गये कार्यों की समीक्षा।

15. पूर्व माह की समीक्षा बैठक में बी0एस0यू0पी0/आई0एच0एस0डी0पी0 योजनाओं की परियोजनावार व्यय, अवशेष यू0सी0 तथा परियोजनाओं की भौतिक प्रगति की समीक्षा।
16. एस0जे0एस0आर0वाई0 योजनान्तर्गत उपघटकवार दिनांक 31.03.2014 को संसूचित देयता की समीक्षा।

**आवश्यक निर्देश**

1. मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई घोषणाओं से आच्छादित कार्यो की अद्यावधिक वित्तीय एवं भौतिक प्रगति।
2. सूडा के पत्रांक–1976/27/तीन/2001 (स्टेप–अप), दिनांक 03.09.2014 के द्वारा एस0जे0एस0आर0वाई0/एन0यू0एल0एम0 योजनान्तर्गत कौशल प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उपघटक में सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में वांछित प्रारूप पर सूचना साथ लेकर आयें।
3. सूडा द्वारा संचालित JNNURM, NULM व अन्य योजनाओं की निर्धारित प्रारूप पर एम0पी0आर0/अद्यतन वित्तीय/भौतिक प्रगति रिपोर्ट मीटिंग में साथ लेकर आयें तथा इसके पूर्व ईमेल से प्रत्येक माह की 3 तारीख तक सूचना अनिवार्य रूप से भेजने के निर्देश पूर्व में दिये जा चुके हैं।
4. BSUP/ IHSDP योजनान्तर्गत भारत सरकार द्वारा निर्धारित 50 कॉलम के प्रारूप जो सूडा के पत्रांक 1970/59/पन्द्रह/IHSDP/BSUP/सरे–।।। दिनांक 27.9.13 के द्वारा प्रेषित की गई थी, में परियोजनावार सभी कॉलम सही तरह से भरकर अद्यतन प्रगति विवरण की एक प्रति प्रत्येक दशा में साथ लायें। GOI का उक्त प्रपत्र सूडा बेवसाइट पर उपलब्ध है।
5. विकास एजेण्डा सूत्रों से संबंधित नियत प्रारूप पर आख्या ई–मेल द्वारा भेजें तथा हार्ड कॉपी साथ लेकर आये।
6. पूर्व वर्षो से संचालित रिक्शा चालको के लिये व्यक्तिगत दुर्घटना एवं निजी रिक्शा बीमा योजना के अन्तर्गत अद्यतन प्राप्त दावा प्रकरण/संबंधित बीमा कम्पनी को संदर्भित दावा प्रकरण/अब तक लाभान्वित लाभार्थियों के विवरण तथा योजना में आच्छादित रिक्शा चालको को योजना के समुचित प्रचार–प्रसार और जानकारी प्रदान किये जाने संबंधी कार्यो का ब्यौरा।
7. कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या 15 दिन के अन्दर ई–मेल से व हार्ड कॉपी में उपलब्ध करायी जाय।
8. समस्त पी0ओ0/ए0पी0ओ0, डूडा उपर्युक्त कार्यसूची पर गम्भीरता से समयबद्ध आवश्यक कार्यवाही करे तथा अनिवार्य रूप से बैठक में भाग लें।

(डा0 अनिल कुमार सिंह)
अपर निदेशक

**पत्रांक एवं दिनॉक तदैव।**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. निजी सचिव, सचिव, नगर विकास एवं नगरीय रोजगार उन्मूलन कार्यक्रम उ0 प्र0 शासन।
2. संयुक्त सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम उ0 प्र0 शासन।
3. निदेशक कैम्प/अपर निदेशक कैम्प/संयुक्त निदेशक कैम्प/वित्त नियंत्रक कैम्प सूडा।
4. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।
5. समस्त नगर आयुक्त, नगर निगम, उ0प्र0।
6. सूडा के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों/परामर्शी को इस आशय के साथ प्रेषित कि आयोजित बैठक में समीक्षा बिन्दुओं से संबंधित पूर्ण विवरण समय से प्रस्तुत कर बुकलेट बनवाने, अपनी समीक्षा आख्या प्रस्तुत करने व भाग लेने हेतु।
7. महा प्रबन्धक, सी0 एण्ड डी0एस0 को समय से समस्त प्रगति आख्या भेजने, अपनी समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करने व बैठक में प्रतिभाग करने हेतु।
8. नाजिर, सूडा को समय से आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित् करने हेतु।

(डा0 अनिल कुमार सिंह)
अपर निदेशक